Seat No. : _______________

NS-128

December-2015

M.A., Sem.-I

403 : Hindi

(काव्यशास्त्र)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचना : (1) सभी प्रश्नों के **(क)** भाग के उत्तर **500-600** शब्दों में तथा **(ख)** भाग के उत्तर **100** शब्दों में लिखिए ।

(2) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर निर्धारित क्रम में लिखें ।

1. (क) हिन्दी काव्यशास्त्र का विकास बताते हुए उसके लक्षणों की चर्चा कीजिए । **10**

अथवा

पाश्चात्य साहित्य की विकासरेखा पर प्रकाश डालिए ।

(ख) संक्षेप में लिखिए : काव्यशास्त्र का महत्त्व **अथवा** संस्कृत काव्यशास्त्र के लक्षण **4**

2. (क) "दर्शन भारतीय काव्यशास्त्र की प्रमुख पहचान है ।" सोदाहरण उत्तर दीजिए । **10**

अथवा

पाश्चात्य साहित्य में चर्चित प्रमुख वादों पर प्रकाश डालिए ।

(ख) संक्षेप में लिखिए : सौंदर्य **अथवा** विमर्श **4**

3. (क) "आ. राजशेखर" के योगदान की चर्चा कीजिए । **10**

अथवा

संस्कृत काव्यशास्त्र के विकास में आ.वामन के योगदान की चर्चा कीजिए ।

(ख) संक्षेप में लिखिए : हेमचंद्राचार्य **अथवा** अभिनवगुप्त का अभिव्यंजनावाद **4**

4. (क) अरस्तू के अनुकरण और विरेचन सिद्धांत की चर्चा कीजिए । **10**

अथवा

मैथ्यू आर्नल्ड के काव्य-आलोचना संबंधी विचारों को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) संक्षेप में लिखिए : लोंगिनुस की उदात्त-विषयक अवधारणा **अथवा** डॉ. जोनसन का शास्त्रवादी दृष्टिकोण **4**

5. सूचनानुसार कीजिए :

(क) सही विकल्प चुनिए । **7**

(1) संस्कृत परंपरा में लम्बे समय तक 'काव्यशास्त्र' के पर्याय के रूप में ________ शब्द अधिक प्रचलित रहा है । (अलंकारशास्त्र, छंदशास्त्र, रसशास्त्र)

(2) किस अंग्रेजी समीक्षक ने कहा है "Poetry is the spontaneous overflow of powerful feelings" ? (अरस्तू, इलियट, वर्ड्सवर्थ)

(3) वेदों में प्रयुक्त अनुशासनों के अनुसार चलना ही _______ है । (पाप, धर्म, त्रासदी)

(4) आ. आनंदवर्धन का प्रसिद्ध काव्यशास्त्रीय ग्रंथ _______ है ।
(ध्वनिलोक, ध्वन्यालोक, ध्वनिआनंदलोक)

(5) वक्रोक्ति को काव्य की आत्मा ________ ने माना है ।
(आ.कुंतक, आ.विश्वनाथ, आ.आनंदवर्धन)

(6) निर्वैयक्तिकता का सिद्धांत ________ ने दिया है । (जाक देरिदा, क्रोचे, टी.एस. इलियट)

(7) अमेरिका के अकादमिक क्षेत्र में साहित्यिक नारीवादी समीक्षा की नींव रखने वाली लेखिकाओं में _______ का महत्त्वपूर्ण योगदान है । (ईलेन शोवाल्टर, निर्मला जैन, डॉ. सत्यदेवी)

(ख) सही और गलत की पहचान कीजिए : **7**

(1) हिन्दी साहित्य के रीतिकाल में काव्यशास्त्रीय ग्रंथ अधिक लिखे गये ।

(2) देरिदा 'विखंडन' को एक प्रकार की भाषायी रणनीति मानते हैं ।

(3) राजशेखर की पत्नी का नाम अवन्ति सुन्दरी था ।

(4) कॉलरिज का पूरा नाम सैमुअल टेलर कॉलरिज है ।

(5) आ. भामह के ग्रंथ का नाम 'वक्रोक्तिजीवितम्' है ।

(6) आ.मम्मट का समय 19वीं शताब्दी माना जाता है ।

(7) स्त्री-विमर्श का संबंध स्त्रियों के साथ जुड़े प्रश्नों से नहीं हैं ।